प्रेस विज्ञप्ति

लव योर हार्ट - प्रिवेंट बिफोर डैमेज पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस

आज मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की हेल्थ एंड लाइफस्टाइल मैनेजमेंट समिति द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कार्यक्रम "लव योर हार्ट - प्रिवेंट बिफोर डैमेज" की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम रविवार, 07 सितंबर 2025 को आयोजित होगा, और इसके मुख्य वक्ता होंगे प्रो. (डॉ.) जे.पी.एस. साहनी, चेयरमैन, कार्डियोलॉजी, सर गंगा राम हॉस्पिटल, दिल्ली।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना और हृदय रोगों से बचाव के उपायों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा हृदय रोगों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला जाएगा और लोगों को हृदय संबंधी समस्याओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी जाएगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को डॉ ए. एस. प्रसाद, डॉ. अवध दुबे, डॉ. उमेश पालीवाल  तथा दीप  गर्ग ने संबोधित किया तथा प्रश्नों के उत्तर दिए |

डॉ. ए. एस. प्रसाद ने बताया कि मर्चेंट्स चैम्बर समय-समय पर अपने सदस्यों, उनके परिवारजन और आम जनता के लिए स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उन्होंने बताया कि 07 सितंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश में विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) जे.पी.एस. साहनी का मार्गदर्शन मिलेगा।

"लव योर हार्ट - प्रिवेंट बिफोर डैमेज" कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। आजकल के तनावपूर्ण जीवनशैली, असंतुलित आहार और व्यायाम की कमी के कारण हृदय रोगों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा यह बताया जाएगा कि किस प्रकार छोटे-छोटे बदलावों से हम अपनी आदतों में सुधार कर हृदय रोगों से बच सकते हैं। साथ ही, यह कार्यक्रम लोगों को यह समझने का अवसर प्रदान करेगा कि हृदय संबंधी समस्याओं का इलाज करने से पहले उनकी रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना कितना आवश्यक है।

"लव योर हार्ट - प्रिवेंट बिफोर डैमेज" का संदेश यह है कि स्वस्थ दिल के लिए सही जानकारी और सही कदम उठाना बेहद जरूरी है।

सादर अनुरोध है कि आप उक्त कार्यक्रम को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें।